कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–मा / माध्य / शालादर्पण / 60304(2) / 2016–17 / 198 दिनांक: 22/06/2020

–: परिपत्र :–

"शाला दर्पण पोर्टल" राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग की अत्यन्त महत्वपूर्ण ऑनलाईन सूचना प्रणाली है, जिसके माध्यम से सीधे संस्था प्रधानों द्वारा सूचनाएं अपलोड / अपडेट की जाती हैं, जिनका विभिन्न उद्देश्यों हेतु वृहद् स्तर पर उपयोग किया जाता है। इस कार्यालय के समसंख्यक निर्देश पत्र दिनांक : 19.10.2016 द्वारा सभी विद्यालयों में एक शाला दर्पण प्रभारी नियत किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसकी सूचना शाला दर्पण पोर्टल पर भी दर्ज की जाती है। शाला दर्पण पोर्टल पर वर्तमान में विभिन्न मॉड्यूल्स के माध्यम से अनेक प्रकार की सूचनाएं अपडेट की जाती हैं, लेकिन प्रायः देखने में आता है कि कार्य की अधिकता के कारण कई बार शाला दर्पण प्रभारी से कई सूचनाएं यथासमय एवं त्रुटिरहित अपडेट नहीं हो पाती हैं। अतः इस क्रम में निर्देशित किया जाता है कि संस्था प्रधान के साथ ही विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से संबंधित प्रभारियों का भी यह दायित्व होगा कि अपने प्रभार से संबंधित परिशुद्ध सूचना यथासमय शाला दर्पण पोर्टल पर दर्ज / अपडेट हो। उदाहरण के रूप में विद्यालय से संबंधित प्रमुख प्रभारों के संबंध में शाला दर्पण प्रभारी के साथ–साथ अग्रांकित विवरणानुसार संबंधित प्रभारी कार्मिक का भी एतद् द्वारा दायित्व निर्धारण किया जाता है :–

क्र.सं.	प्रभार का नाम	प्रभारी कार्मिक के उत्तरदायित्व का संक्षिप्त विवरण
1	कार्यालय प्रभारी	समस्त कार्मिकों के सेवा–अभिलेख के अनुसार शाला दर्पण पर पूर्ण शुद्ध विवरण (प्रपत्र–10) दर्ज करना, कार्यमुक्ति / कार्यग्रहण, इन्फ्रास्ट्रक्चर विवरण, विद्यालय प्रोफाइल, कार्मिक उपस्थिति, अवकाश अद्यतन करना आदि।
2	कक्षाध्यापक	अपनी कक्षा से संबंधित समस्त छात्रों का प्रवेश / पुनः प्रवेश, नाम पृथकीकरण, प्रपत्र–7 / 7–अ(तृतीय भाषा व वैकल्पिक विषय संबंधित) की पूर्ति, प्रपत्र–9 की परिशुद्ध पूर्ति, छात्र उपस्थिति सूचना, कक्षा क्रमोन्नति, साईकिल / ट्रान्सपोर्ट वाउचर हेतु पात्र विद्यार्थियों की सूचना आदि।
3	निःशुल्क पाठ्य–पुस्तक वितरण प्रभारी	निःशुल्क पाठ्य–पुस्तकों से संबंधित सम्पूर्ण विवरण यथा समय शाला दर्पण पर दर्ज करना।
4	छात्रवृत्ति प्रभारी	छात्रवृत्ति के पात्र सभी विद्यार्थियों से संबंधित सम्पूर्ण विवरण यथासमय शाला दर्पण पोर्टल पर अपलोड करने संबंधी सम्पूर्ण कार्य।
5	परीक्षा प्रभारी	बोर्ड परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन पत्र, यथा समय अंकों / सत्रांकों की फीडिंग, परीक्षा परिणाम तैयार करना, क्रमोन्नति आदि।
6	एसडीएमसी / एसएमसी प्रभारी	एसडीएमसी / एसएमसी से संबंधित वार्षिक / अर्द्धवार्षिक / त्रैमासिक / मासिक प्रविष्टियां, प्रशिक्षण, सदस्यों का विवरण, बैठकों का विवरण, बैंक खातों संबंधी विवरण आदि।
7	उत्सव प्रभारी	समय–समय पर आयोजित होने वाले विभिन्न प्रकार के उत्सवों से संबंधित वांछित सूचनाओं की शाला दर्पण पर यथासमय प्रविष्टियां दर्ज करना।

उपर्युक्त समस्त प्रभारों के अतिरिक्त विद्यालय के अन्य प्रभारों से संबंधित सूचना का संधारण भी शाला दर्पण पोर्टल पर किया जाना हो, तो संबंधित प्रभारी यथासमय सही सूचना अद्यतन/दर्ज करवाने हेतु उत्तरदायी होगा।

समस्त संबंधितों द्वारा उपर्युक्त निर्देशों की तत्काल पालना की/करवाई जानी सुनिश्चित की जाए।

(सौरभ स्वामी)
आइ.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा–मा/माध्य/शालादर्पण/60304(2)/2016–17/198 दिनांक: 22/06/2020

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा एवं पुस्तकालय विभाग, राजस्थान–जयपुर।
3. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा एवं अतिरिक्त आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
4. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा एवं पंचायती राज(प्रारंभिक शिक्षा), राजस्थान, बीकानेर।
5. तकनीकी निदेशक, एनआईसी, जयपुर।
6. निदेशक, राजस्थान शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ,उदयपुर।
7. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
8. प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान, बीकानेर/अजमेर।
9. प्रधानाचार्य, सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, बीकानेर।
10. प्रधानाचार्य, राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय जोधपुर।
11. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक,समग्र शिक्षा अभियान।
12. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक/प्रारम्भिक।
13. समस्त प्रधानाचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान।
14. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।
15. समस्त संस्था प्रधान, राजकीय विद्यालय।
16. उपनिदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर।
17. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
18. वरिष्ठ सम्पादक, शिविरा को आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
19. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
20. रक्षित पत्रावली।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर